C M Y K

रायगढ़, शुक्रवार
29.6.2018
पृष्ठ 8, मूल्य 3

साप्ताहिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी - अधिकार से न्याय तक जल्द दैनिक हो रहा है। जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

Web: www.nyaysakshi.com
4 में पढ़ें- प्रादेशिक ....
6 में पढ़ें- फिल्मी मनोरंजन ....
» वर्ष-2 » अंक - 30 »

## प्रधानमंत्री मोदी ने मगहर में कबीरवाणी से तैयार की यूपी में सियासी जमीन



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को संतकबीर की निर्वाणस्थली से यूपी में भाजपा के लिए सियासी जमीन तैयार कर दी। यूपी में महागठबंधन का नाम लिए बगैर सपा और बसपा के साथ कांग्रेस पर हमला बोला। पीएम ने कहा कि उनकी सरकार को गरीबों के आवास की चिंता है जबकि उन्हें (विपक्ष) अपने बंगलों की। वह कबीर साहिब के आदर्शों चलते हुए शांति और विकास की बात करते हैं जबकि विपक्ष कलह और असंतोष का माहौल बनाने में लगा है। पीएम ने कबीर के राम को आदर्श बताया तो कलाम साहब के सपने को पूरा करने का संकल्प लिया।

पीएम ने संत कबीर के साथ गुरुनानक देव और गुरु गोरक्षनाथ के साथ कबीर के आदर्श राजा राम के साथ ही संत रैदास, महात्मा ज्योतिबका फूले, महात्मा गांधी और बाबा साहेब आंबेडकर का जिक्र करते हुए दलितों, वंचितों, शोषितों और महिलाओं के साथ नौजवानों को लुभाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। मंच पर पहुंचते ही भीड़ देख गदगद पीएम ने जब संबोधन शुरू किया तो भीड़ ने भी जबर्दस्त उत्साह दिखाया। भोजपुरी में नमस्कार और साहिब बंदगी से शुरुआत की तो मोदी-मोदी गूंज उठा। फिर उन्होंने भोजपुरी में ही बात बढ़ाई तो माहौल उत्साह से भर गया। इसके बाद उन्होंने संत कबीर को केंद्र में रखते हुए उत्तर से दक्षिण और पूरब से पश्चिम तक सामाजिक समता और रुढ़ियों को तोड़ने वाले संतों का जिक्र करते हुए अपनी सरकार के नारे सबका साथ सबका विकास को इन संतों के दर्शन से जोड़ा।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### राहुल गांधी की शक्ल ही पसंद नहीं - प्रणव पांड्या

नई दिल्ली। गायत्री परिवार के मुखिया प्रणव पांड्या ने कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी पर तीखा हमला किया है।



उन्होंने कहा है कि मुझे राहुल गांधी की शक्ल पसंद नहीं है। अगर उन्हें मुझसे मिलने आना है तो आम आदमी की तरह लाइन में लगकर मुझसे मिलने आएं। बता दें कि 24 जून को बीजेपी अध्यक्ष अमित शाह ने प्रणव पांडया से संपर्क फॉर समर्थन अभियान के तहत मुलाकात की थी।प्रणव पांडया ने कहा है, 'मैं किसी भी चुनावी सहयोग के बारे में कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी से कोई बात नहीं करूंगा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को अलग से कोई भी वीवीआईपी सत्कार नहीं दिया जाएगा। प्रणव पाड्या ने कहा है कि मुझे बीजेपी से कोई नाराज़गी नहीं है। बता दें कि पांड्या ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत से भी मुलाकात की है।

### घाटकोपर इलाके में यूपी सरकार का विमान दुर्घटनाग्रस्त, 5 की मौत

मुंबई। मुंबई के घाटकोपर (पश्चिम) में गुरुवार को निर्माणाधीन इमारत के पास एक चार्टर्ड प्लेन दुर्घटनाग्रस्त



हो गया। पुलिस ने एक बयान में बताया है कि इस हादसे में कैप्टन पी.एस राजपूत, कॉ-पायलेट मारिया जुबैरी, असिस्टेंट इंजीनियर सुरभि, एयरक्राफ्ट टेक्निशियन मनीष पांडे समेत तीन पैंसेंजर्स और एक पैदल यात्री की भी मौत हो गई है। शुरुआती रिपोर्ट के मुताबिक VT-UPZ, KING AIR C90 मुंबई के विमान जुहू एयरोडेम में उड़ान भरते हुए सर्वोदय नगर के पास दुर्घटनागस्त हो गया।

अथॉरिटिज ने बताया कि दुर्घटनास्थल पर दलमकल की पांच गाड़ियां और आपदा प्रबंधन की टीमें पहुंचीं। उन्होंने आगे बताया कि आग बुझा दी गई है। पूर्वी क्षेत्र के एडिशनल कमिश्नर लक्ष्मी गौतम ने बताया- हमें विमान हादसे की जानकारी मिली है और हमारी टीम वहां पर पहुंच चुकी है। यह विमान यूवाई एविएशन का था और अगस्त 1995 से सेवा में था।

घटना के बाद बिल्डिंग के आस-पास रह रहे लोगों के साथ ही पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई है।

### 50 करोड़ लोग सामाजिक सुरक्षा बीमा से जुड़े

नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को दावा किया कि देश के 50 करोड़ लोग सामाजिक सुरक्षा बीमा के दायरे में आते हैं, जो 2014 के आंकड़ों के मुकाबले 10 गुना अधिक हैं। नरेंद्र मोदी एप (नमो) पर वीडियो कान्फ्रेसिंग के जरिए विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लाभार्थियों से बात करने के दौरान मोदी ने यह भी कहा कि 20 करोड़ से अधिक लोगों ने इसका लाभ उठाया है और वह प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और अटल पेंशन योजना से खुद को बीमा सुरक्षा के दायरे में लाए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, (सरकार द्वारा समर्थित एक योजना) के अंतर्गत 5.5 करोड़ से अधिक लोगों ने खुद को जोड़ा है और करोड़ों रुपये का दावा भी किया है। मोदी ने कहा, तीन लाख से अधिक लोगों ने प्रधानमंत्री वय वंदना योजना (वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक पेंशन योजना) के लिए नामांकन कराया है।

### CBSE ने स्कूलों से कहा- बोर्ड परीक्षाओं में गलत नंबर कैलकुलेट करने वाले टीचरों को करें सस्पेंड

नई दिल्ली। सीबीएसई ने बोर्ड परीक्षाओं में गलत मार्क्स कैलकुलेट करने के लिए दिल्ली के कुछ स्कूलों को नोटिस जारी कर उनके पांच टीचरों को सस्पेंड करने के लिए कहा है। सीबीएसई 10वीं और 12वीं रिजल्ट के बाद री-चेकिंग के दौरान 55 अंकों तक की गलत कैलकुलेशन पाई गई। इसके बाद सीबीएसई ने दोषी टीचरों के स्कूलों को नोटिस जारी कर उन्हें सस्पेंड करने के लिए कहा है।

### अब तक के सबसे निचले स्तर पर रुपया, पहुंचा 69.10 प्रति डॉलर पर

नई दिल्ली। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के मद्देजनर देश का चालू खाता घाटा और मुद्रास्फीति बढ़ने की चिंताओं के बीच आज शुरुआती कारोबार में डॉलर के मुकाबले रुपया 49 पैसे लुढ़ककर अब तक के निम्नतम स्तर 69.10 रुपये पर आ गया। आयातकों विशेषकर तेल रिफाइनरों एवं बैंकों से अमेरिकी मुद्रा की लगातार मांग से कच्चे तेल की कीमतों में तेजी रही, जिससे रुपये पर दबाव देखा गया।

## 3 दिन बाद से पेट्रोल-डीजल के दाम और होंगे कम, धर्मेंद्र प्रधान ने दिये ये संकेत

नई दिल्ली। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कोशिशों की वजह से तेल निर्यातक देशों के संगठन (ओपेक) ने कच्चा तेल का उत्पादन बढ़ाने का फैसला लिया है। इसके कारण अगले महीने से पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में कमी आएगी। प्रधान ने कहा कि बाजार में अभी भी पेट्रोल-डीजल की कीमतों में नरमी है। पिछले एक महीने में पेट्रोल 2.5 रुपये और डीजल 2 रुपये सस्ता हुआ है। एक जुलाई के बाद अनुमान है कि कीमतें और कम होगी और इससे लोगों को राहत मिलेगी। प्रधान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओपेक में तार्किक ढंग से अपनी बात रखी थी और उनकी बात का असर भी हुआ है। ओपेक ने करीब डेढ़ साल बाद दस लाख बैरल उत्पादन आपूर्ति करने का निर्णय किया है। यह नया तेल एक जुलाई से यह बाजार में आना शुरू होगा।



अनुमान है कि इससे पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में कमी आएगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने ओपेक में कहा था कि भारत आने वाले 20-25 साल ऊर्जा का बाजार है। अगर भारत के साथ ओपेक को लंबे समय तक व्यवसायिक संपर्क अच्छा रखना है तो उसे भारतीय ग्राहकों के हितों का भी ध्यान रखना पड़ेगा।

## नकली नोटों की छपाई वाले गिरोह का पर्दाफाश,7 गिरफ्तार



महासमुंद. नकली नोटों की छपाई कर बाजार में खपाने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है. नकली नोट की छपाई करने वाले गिरोह के 7 सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. क्राइम ब्रांच और बसना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई की है. इसके साथ ही एक प्रिंटर ए-4 पेपर बंडल, मोबाइल और नोट छापने के इंक भी जब्त की है.

## 100 प्रतिशत टैरिफ वसूलता है भारत
### 2+2 डायलॉग से पहले ट्रंप का आरोप

वॉशिंगटन (आरएनएस)। अगले हफ्ते भारत-अमेरिका के बीच पहला 2+2 संवाद होने जा रहा है लेकिन इसी बीच राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने बुधवार को नई दिल्ली पर अमेरिकी उत्पादों के आयात पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने का आरोप लगाया है। ट्रंप ने कहा, हमारे पास ऐसे देश हैं, उदाहरण के लिए भारत, जो हमसे 100 प्रतिशत तक टैरिफ वसूलते हैं। हम ये टैरिफ खत्म करना चाहते हैं।



ट्रंप हाल ही में विदेशी उत्पादों पर टैरिफ लगाए जाने के अपने फैसले से जुड़े सवाल का जवाब दे रहे थे। ट्रंप ने अपने फैसले का बचाव यह कहते हुए किया कि ऐसा चीन, यूरोपियन यूनियन और भारत जैसे अमेरिका के बड़े व्यापारिक साझीदारों के साथ व्यापार असंतुलन को ठीक करने के लिए किया जा रहा है। बता दें कि भारत और अमेरिका के बीच अगले हफ्ते पहली बार 2+2 संवाद होने जा रहा है। विदेश मंत्री सुषमा स्वराज और रक्षा मंत्री निर्मला सीतारमण अमेरिकी समकक्षों माइक पॉम्पिओ और जेम्स मैटिस संग इस वार्ता में हिस्सा लेने के लिए अगले हफ्ते अमेरिका जाएंगे। इस संवाद के जरिए दोनों देशों के रणनीतिक व रक्षा संबंधों को मजबूत बनाने पर केंद्रित रहने की उम्मीद है।

## नक्सली हमले में 6 जवान शहीद, 4 घायलों को लाया गया रांची

लातेहार (आरएनएस)। लातेहार के छिपादोहर थाना क्षेत्र स्थित बूढ़ा पहाड़ पर सर्च अभियान के दौरान नक्सलियों ने लैंड माइंस ब्लास्ट कर पुलिस वाहन को उड़ा दिया. इस घटना में झारखंड जगुआर (जेजे) के छह जवान शहीद हो गये. जबकि चार घायल हैं, जिन्हें हेलीकॉप्टर से रांची लाया और मेडिका अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

घटना मंगलवार शाम करीब साढ़े चार बजे की है. जिस जगह नक्सलियों ने जवानों को निशाना बनाया, वह इलाका छत्तीसगढ़ की सीमा से सटा है. गढ़वा के डीआइजी विपुल शुक्ला ने बताया कि मंगलवार शाम लातेहार और गढ़वा की सीमा पर स्थित छिंजो इलाके में नक्सलियों के होने की सूचना पर पुलिस एवं सुरक्षा बलों ने कार्रवाई प्रारंभ की. सुरक्षा बलों से सामना होने पर नक्सलियों ने गोलीबारी शुरू कर दी और रास्ते में छिपायी गई बारूदी सुरंग में विस्फोट कर दिया, जिससे झारखंड जगुआर के जवान शहीद हो गये. जानकारी के मुताबिक मुठभेड़ के बाद पुलिस ने बूढ़ा पहाड़ के इलाके में सघन सर्च ऑपरेशन शुरू किया. इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली थी कि कुजरूम में करीब 30 की संख्या में माओवादियों का दस्ता मौजूद है. इसी सूचना के बाद पुलिस नक्सलियों की तलाश में निकली थी. करमडीह पुलिस पिकेट से कुछ ही दूरी पर 100 की संख्या में मौजूद नक्सलियों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दिया.

## कैंसर से पीड़ित माइकल जैक्सन के पिता का निधन

लॉस एंजिलिस। पॉप स्टार माइकल जैक्सन के पिता जो जैक्सन का बुधवार को निधन हो गया। वह टर्मिनल कैंसर से जूझ रहे थे। दिवंगत पॉप स्टार माइकल जैक्सान के 89 वर्षीय पिता पिछले कुछ समय से कैंसर की बीमारी से पीड़ित थे। करीब 15 दिन से उनकी स्थिति काफी बिगड़ी हुई थी। उनकी पत्नी कैथरीन लॉस वेगास में उनके साथ थी।



पिछले सप्ताह तक वह बातचीत करने की स्थिति में थे। वह बहुत कमजोर हो गए थे। जीवन के इस पड़ाव में जैक्सन के कैंसर का उपचार संभव नहीं था।

जो जैक्सन ने आखिरी बार 24 जून को ट्वीट किया था। उन्होंने लिखा था कि मैंने सूरज को कई बार डूबते हुए देखा है। जब वक्त आता है सूरज तभी उगता है। आपकी पसंद से सूरज को कोई मतलब नहीं है जब उसे डूबना होता है वो अपने वक्त पर डूबता है।

इस ट्वीट के साथ उन्होंने एक फोटो भी शेयर की थी। इस फोटो में वह डूबते हुए सूरज को देख रहे थे। बताते चलें कि जो जैक्सन के अपने बेटे माइकल जैक्सन के साथ अच्छे संबंध नहीं थे।

## महिला आरक्षक को मिली पदोन्नति तो एसपी ने पति और मां को दिया कंधे में फ़ीता लगाने का खुशनुमा मौका



जशपुरनगर. अपने पति की कामयाबी पर पत्नी जश्न मनाती है लेकिन यहां पत्नी की कामयाबी का जश्न मनाने पति और माँ एसपी कार्यालय पहुंचे और आरक्षक के पद से पदोन्नत होकर प्रधान आरक्षक बनी हेमलता बुनकर के कंधे पर फ़ीता लगाकर पदोन्नति के रस्म की अदायगी की.

## गुड न्यूज़ः जीएसटी के एक साल पूरा होने पर सरकार दे सकती है तोहफा, इन पर घटेंगे टैक्स

नई दिल्ली। जीएसटी के एक साल पूरे होने पर सरकार सीमेंट सहित कई उत्पादों पर जीएसटी घटाकर लोगों को तोहफा दे सकती है। जीएसटी काउंसिल की 21 जुलाई को बैठक होनी है।




इस बैठक में सरकार सीमेंट, पेंट, डिजिटल कैमरा और सिनेमा के टिकट पर लगने वाली जीएसटी की दरों में कटौती का ऐलान कर सकती है। वित्त मंत्रालय ने इन वस्तुओं पर जीएसटी घटाकर 18 फीसदी करने का प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है। अभी इन पर 28 फीसदी की दर से जीएसटी लगता है। वित्त मंत्रालय के अधिकारियों के मुताबिक इस बैठक में जीएसटी के रिटर्न की प्रक्रिया को आसान बनाने और राजस्व संग्रह की समीक्षा होगी। ऐसे में गुंजाइश है कि जीएसटी काउंसिल सीमेंट, पेंट, डिजिटल कैमरा और सिनेमा के टिकट की जीएसटी की दरों की समीक्षा को मंजूरी दे दे।

## एक पति अपनी पत्नी के लिए रख रहा है व्रत, ताकि ऐसी संगिनी उसे 7 जन्मों तक दुबारा न मिले

चिक्कोडी। कर्नाटक के चिक्कोडी से एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। यहां एक शख्स ने पत्नी से आजिज आकर वट सावित्री पूजा की है ताकि अगले जन्म में उसे ऐसी पत्नी न मिले। बता दें कि वट सावित्री व्रत का हिंदू धर्म में काफी महत्व है जिसमें शादीशुदा महिलाएं पति की लंबी उम्र, सेहत और संपन्नता के लिए व्रत रखती हैं। साथ ही अगले सात जन्म तक पति के साथ की कामना करती हैं। इस शख्स का नाम शशिधर रामचंद्र कोपार्डे है जो पत्नी से पीड़ित पुरुषों के लिए संतवन केंद्र भी चलाते हैं। उन्होंने वट सावित्री व्रत के एक दिन पहले ही मंगलवार को यह पूजा की। शशिधर ने बताया कि वह अपनी से आजिज आ चुके हैं और उससे छुटकारा चाहते हैं। उनका दावा है कि उनकी पत्नी ने दहेज उत्पीड़न का फर्जी मुकदमा दर्ज कराया है।



उन्होंने बताया, 'मेरी पत्नी ने मेरे परिवार और दूसरे परिवार के सदस्यों के खिलाफ कई झूठे मुकदमे दर्ज करवाए हैं इसलिए मैं अगले जन्म में भले ही ब्रह्मचारी का जीवन जी सकता हूं और उसी तरह मर सकता हूं लेकिन मुझे इस तरह परेशानियां खड़ी करने वाली पत्नी नहीं चाहिए। मैंने बरगद के पेड़ पर धागा बांधा और परंपरा अनुसार पूजा भी की है।' बता दें कि यह त्योहार महाराष्ट्र, गुजरात, उत्तर प्रदेश, गोवा और कर्नाटक के उत्तरी भागों में 27 जून को मनाया गया।

**तत्काल आवश्यकता है**
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

**ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग**
वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें ....
न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

C M Y K